बीएलओ को नोटिस

नोखा, (कासं)। नोखा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, गणना प्रपत्रों के वितरण और मैपिंग कार्य को गति देने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़ ने क्षेत्र का अचानक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस कार्यक्रम के तहत सभी बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए पर्यवेक्षण दलों का भी गठन किया गया है।

उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़ ने कक्कू, साधूना और सारूंडा क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ बूथों पर गणना प्रपत्र वितरण की गति अपेक्षित स्तर से कम थी। इस पर उन्होंने संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक बीएलओ प्रतिदिन कम से कम 100 गणना प्रपत्रों का वितरण सुनिश्चित करें और मतदाताओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया तथा इसके महत्व के बारे में जागरूक करें।

जांगिड़ ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बूथ पर गणना प्रपत्र वितरण रजिस्टर को नियमित रूप से अद्यतन रखें। साथ ही बीएलओ ऐप पर प्रतिदिन किए गए कार्य की प्रविष्टि करना भी सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एक बीएलओ के कम प्रगति प्रदर्शित किए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में तहसीलदार नोखा चंद्रशेखर टाक, नायब तहसीलदार पांचू सुरेश डारा, नायब तहसीलदार जसरासर गौरव बेताला और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिव नारायण भादू ने भी क्षेत्र का निरीक्षण किया।

गुरूओं के आदर्श अगली पीढियों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य : मेघवाल

हनुमानगढ़, (कासं)। केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि गुरू नानक देव ने सभी को सत्य, प्रेम और मानवता का पाठ पढाया तथा जात-पात, ऊंच-नीच के भेद को नकारते हुए सभी को एक समान माना। मेघवाल ने आमजन से आव्हान किया कि गुरू नानक देव जी के बताये मार्ग को अपनाकर लोगों की सेवा व मानव उत्थान के लिए कार्य करें।

मेघवाल सूरतगढ़ रोड़ स्थित

- **गुरू नानक देव के 556 वें प्रकाशोत्सव को समर्पित महान गुरमत समागम एवं विशाल सिक्ख प्रदर्शनी**

खुशाल दास विश्वविद्यालय में गुरू गोविन्द सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरू नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव को समर्पित महान गुरमत समागम एवं विशाल सिक्ख ऐतिहासिक प्रदर्शनी के उपलक्ष में आयोजित समागम में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी ने 'इक ओंकार सतनाम अर्थात एक ईश्वर, एक सत्य' का पांच सौ वर्ष पहले संदेश दिया था, वह आज भी समाज के लिए अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी ने लंगर के माध्यम से समानता और मानवता का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया। उनका मानना था कि ईमानदारी से मेहनत करो और कमाया हुआ धन दूसरों के साथ बांटो। क्योंकि मनुष्य की सेवा करना ही सच्चा धर्म है।

हनुमानगढ़ में खुशाल दास विश्वविद्यालय में प्रकाश पर्व पर आयोजित महान गुरमत समागम को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु विश्वविद्यालय प्रांगण में पहुंचे। मेघवाल ने कहा कि गुरू नानक से लेकर गुरू तेग बहादुर तक समस्त गुरूओं ने राष्ट्र को प्रथम रखा और पूरे राष्ट्र और धर्म को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इसके लिए उन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी। मेघवाल ने कहा कि खालसा पंथ एक पंथ नहीं बल्कि गुरू ग्रंथ साहिब से निकला प्रकाश पुंज है जो पूरे भारत को ज्ञान व साहस का रोशनी बिखेरता है। सिक्ख धर्म के देश के प्रति त्याग, बलिदान व साहस अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा कि ये बहुत ऐतिहासिक है। इस प्रकार के समागम से पता चलता है कि हमारे सिक्ख गुरूओं के द्वारा भारत के गुरूओं के द्वारा किस तरह अपने पंथ की तथा देश, धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया गया। अपने जीवन को लगाया तभी वह महान हुए। उन सब का स्मरण आने वाली पीढियां करें उसके लिए इस प्रकार के संत समागम भावी विरासत को सौंपने के लिए सबसे अच्छा माध्यम हैं। मेघवाल ने कहा कि खुशाल दास विश्वविद्यालय को धन्यवाद व बधाई देता हूं जिन्होंने इस महान गुरमत समागम का आयोजन किया।

ऐसे अवसर पर हम संकल्प लेते हैं कि हम हमारे धर्मगुरू, हमारे सिक्ख पंथ गुरू नानक से लेकर दशमेश तक गुरू गोविंद सिंह तक उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए शांति, सद्भावना, प्रेम के लिए संदेश व प्रेरणा हम को दी उसका अनुसरण करेंगे। आज उसी को आगे बढ़ाने का काम एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में विकसित भारत के संकल्प के रूप में हमारे प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

मेघवाल ने कहा कि वीर बाल दिवस व करतार सिंह कॉरिडोर या गुरु तेज बहादुर प्रकाश पर्व मनाने की बात हो या हेमकुंड गोविंद घाट रोपवे बनाने की बात हो आजाद भारत के इतिहास में आज तक किसी ने नहीं किया जो प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं।

दुकान से रूपये चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीकरणपुर, (कासं)। श्रीकरणपुर क्षेत्र में पुलिस ने दुकानदारों से ठगी और चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। इन पर एक किराना दुकान से 9500 रूपये नकद चुराने और फोन पे के जरिए दुकानदारों को ठगने का आरोप है।

यह घटना 2 अक्टूबर रविवार को श्रीकरणपुर क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 स्थित बूढ़ी माई मंदिर के पास एक किराना दुकान पर हुई थी। दुकान पर दुकानदार खुद मौजूद नहीं था। उसके दो नाबालिग पोते वहां थे। आरोपियों ने बच्चों को बातों में उलझाकर गल्ले से 9500 रूपये नकद निकालकर फरार हो गए।

इसके बाद आरोपी बाजार में घूमकर दुकानदारों को फोन पे पर भुगतान करने का झांसा देकर नकद पैसे लेते थे। कई दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में वे कैद हो गए थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी और उन्हें आज बाजार मे एक और दुकानदार से ठगी करते हुए पकड़ा गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद श्रीकरणपुर थाने में बड़ी संख्या में दुकानदार जमा हो गए और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

श्रीकरणपुर पुलिस के एएसआई बाबू खान आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। गिरफ्तार किये गए दोनों आरोपी अनूपगढ़ क्षेत्र के निवासी हैं और काफी समय से श्रीकरणपुर में रह रहे थे। उनकी पहचान राजीव उर्फ बंटी अरोड़ा और अजय उर्फ सोनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए ठगी और चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

आग से बचने के लिए पानी के टैंक में छिपे मासूम की मौत

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में 5 साल के मासूम की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। मां-बाप खेत पर गए थे। मासूम घर में अकेला ही था। अचानक घर में आग लग गई। बचने के लिए बालक पानी के टैंक में छुप गया। टैंक के आसपास आग जलती रही। मासूम की टैंक में ही तड़प-तड़पकर जान चली गई।

मां-बाप खेत से लौटे तो झोंपड़ा जला देख उनके होश उड़ गए। अपने बेटे को तलाशने लगे तो बच्चे का शव घर में पानी के लिए रखे लोहे के टैंक में मिला। इकलौते बेटे का शव देख मां-बाप चीख-चीखकर रोने लगे। घटना रात जसरासर थाना क्षेत्र के कांकड़ की रोही ढाणी की है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। जसरासर थाना के हैड कांस्टेबल भंवरलाल ने बताया कि

- **झोंपड़े में आग लगने पर 5 साल का बच्चा पानी के टैंक में छिप गया**
- **घर पर वह अकेला ही था, मां-बाप खेत पर चले गए थे**

कल्याण सिंह ने बिजली कनेक्शन ले रखा था। इससे यहां शॉर्ट सर्किट की बात सामने आई है। मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है। मृत बच्चे के चाचा पूनम सिंह राठौड़ ने बताया कि मेरे बड़े भाई कल्याण सिंह किसान हैं। वह अपनी पत्नी और बेटे भरत सिंह के साथ जसरासर के गुंदुसर गांव की कांकड़ की रोही ढाणी में रहते हैं। वह और उनकी पत्नी खेत पर चले गए। बच्चा घर में अकेला था।

दोनों पति-पत्नी शाम को साढ़े 7 बजे घर लौटे तो झोंपड़े में आग लगी हुई थी। पूरा मकान जलकर राख हो गया था। केवल लोहे का सामान ही बचा था। इसमें एक दरवाजा खड़ा था और पानी का टैंक था। मां-बाप ने बेटे को आसपास ढूंढा लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद घर के सामान की तलाशी ली तो बेटे भरत सिंह का शव लोहे के टैंक में मिला।

यह देख परिजनों और ग्रामीणों के होश उड़ गए। पानी भरने के काम आने वाले इस टैंक में भरत सिंह कैसे पहुंचा, इसका पता नहीं चल पाया है। परिजनों का अंदेशा है कि आग देखकर भरत सिंह पानी के टैंक में छिप गया। जहां आग पहुंचने के बाद टंकी गर्म होने से बच्चे की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कल्याण सिंह के परिचित मौके पर पहुंचे। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है।

15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर,(कासं)। पुरानी आबादी पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ हेरोइन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से 15 ग्राम 37 मिलीग्राम हेरोइन तथा एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स बरामद कर जब्त किया गया।

एसएचओ रजिराम की ओर से थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इसकी जांच कोतवाली थाने के एसआई राजकुमार मजोका कर रहे हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

एसएचओ ने बताया कि पुरानी आबादी में टावर के पीछे गली नंबर एक निवासी 19 वर्षीय राजन कुमार पुत्र कचोरीदास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम गश्त पर थी और देवनगर से जैड माइनर जाने वाली सड़क पर आरोपी बाइक लेकर सामने से आ रहा था। पुलिस को देखकर उसने बाइक को वापस मोड़कर भागने की कोशिश की। आरोपी का पीछा कर तलाशी ली तो उसके पास से हेरोइन बरामद हुई।

डोडा-पोस्त भरी कार को आग लगाकर भागा तस्कर

बीकानेर, (कासं)। दंतौर थाना क्षेत्र की नाकाबंदी को तोड़कर डोडा-पोस्त तस्कर फरार हुआ और बाद में खुद ही अपनी कार में आग लगा दी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और जली हुई कार को सीज कर दिया।

दरअसल दंतौर पुलिस को एक कार में डोडा पोस्त तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने नाकेबंदी कर दी। तस्कर की कार इसी नाकाबंदी को तोड़कर भागी। इस दौरान थानेदार जेठाराम मेघवाल सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर खड़े थे। तस्कर ने कार इतनी तेज गति से भगाई कि पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। ये युवक कार को भगाकर आगे चक 14 पीबी की रोही में ले गया।

सुनसान एरिया देखकर उसने कार में आग लगा दी। इस स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में डोडा-पोस्त होने की जानकारी पुलिस को थी। तस्करी करने

- **ट्रैक्टर चुराकर खेतों से निकल रहा था, पीछा कर पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद पकड़ा**

के मामले में पुलिस ने श्यामलाल नामक युवक को दबोचा है। उसी ने कार को आग लगा दी थी। बाद में यहां से एक ट्रैक्टर चोरी करके फरार हुआ। इससे भी कई खेतों में नुकसान पहुंचाया। पूरी घटना के बाद पुलिस ने बीकानेर से एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया है। ये टीम मौके पर पहुंच गई है और जांच कर रही है। खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला और सीआई सुरेंद्र प्रजापत भी मौके पर पहुंच गए हैं। चालक श्यामलाल के खिलाफ अब मामला दर्ज किया जा रहा है।

एम्बुलेंस खरीद, मंदिर निर्माण का प्रस्ताव पास

सूरतगढ़,(कासं)। अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति ने रविवार को एनएच-62 स्थित अमरनाथ बर्फानी भवन में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में नई एम्बुलेंस खरीदने और बर्फानी भवन परिसर में भगवान भोलेनाथ का मंदिर बनाने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

सचिव पवन तावनिया ने बैठक की अध्यक्षता की। जबकि अध्यक्ष उदयराम बनिया ने प्रमुख प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में वर्ष 2025 की अमरनाथ यात्रा के दौरान लगाये गए लंगर का आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। समिति ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया और वर्ष 2026 की यात्रा के लिए भी

- **अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति ने बैठक में ये निर्णय लिया**

तैयारियां शुरू करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष उदयराम बनिया द्वारा नई एम्बुलेंस खरीदने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, बर्फानी भवन परिसर में भगवान भोलेनाथ का एक भव्य मंदिर बनाने पर भी पूर्ण सहमति बनी। समिति का मानना है कि मंदिर निर्माण से स्थानीय शिवभक्ति को नई ऊर्जा मिलेगी। शिवभक्तों ने 21 फुट ऊंची भगवान भोलेनाथ की नई ध्वजा की पुनः स्थापना भी की।

नोखा के खारा गांव में लगी आग

नोखा, (कासं)। खारा गांव में सुबह तीन बजे आग लगने से तीन घर उसकी चपेट में आ गए। बस्तीराम, पन्नाराम और भेराराम के घरों में लगी इस आग से एक मोटरसाइकिल, तीन पशुशाला और चारा जल गया। हालांकि घर में खड़ी एक गाड़ी को जलने से बचा लिया गया।

सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायरमैन बजरंग चिताणा ने बताया कि उन्हें खारा गांव के मध्य आग लगने की जानकारी मिली थी। जिसमें पास-पास बने तीनों घर चपेट में आ गए थे और एक गाड़ी के जलने की आशंका थी। चिताणा के अनुसार तत्काल दोनों दमकलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

शोरूम कर्मचारी ने ही कराई थी चार लाख की लूट की वारदात

श्रीगंगानगर, (कासं)। फर्नीचर और प्लाईवुड शोरूम संचालक से लूट की वारदात उसके यहां काम करने वाले कर्मचारी की साजिश से हुई है।

पुलिस ने वारदात को 80 फीसदी तक सुलझा लिया है। केवल आरोपियों की गिरफ्तारी शेष बची है। आरोपी वारदात के बाद गायब हो गए हैं। उनकी तलाश में चार टीमें पंजाब में डेरा डाले बैठी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरूशरण गोयल के शोरूम में पंजाब निवासी एक युवक काम करता था। वह कुछ दिनों से आ नहीं रहा था। लूट की वारदात उसी की प्लान की हुई थी। वह स्वयं गाइड की भूमिका में था। उसने अपने जानकार युवकों को वारदात करने का पूरा तरीका बताकर

- **शोरूम कर्मचारी ने अपने जानकार युवकों को लूट की वारदात करने का पूरा तरीका बताकर अंजाम दिया था**

भेजा हुआ था। उसने शोरूम संचालक और चेताली एन्क्लेव स्थित आवास आदि की पूरी जानकारी वारदात करने आए युवकों को दी थी।

वारदात के बाद से ही वह स्वयं गायब है और फोन भी बंद आ रहा है। अन्य दोनों आरोपी भी उसी के पकड़े जाने पर पता चलेगा कि इनका संबंध क्या है। फिलहाल तीनों ही आरोपी गायब हैं। इनके संभावित ठिकानों को सर्च किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश में पंजाब के शहर में सदर थाने की चार टीमें डेरा डाले हुए हैं। ये टीमें होटलों में तथा धर्मशालाओं में जाकर आरोपियों का पता लगा रही है। सीसीटीवी फुटेज और शोरूम के लापता कर्मचारी के फोटो दिखाकर पूछा जा रहा है। आरोपियों के पास लूटे हुए चार लाख रूपए से अधिक की रकम है। इसलिए छिपने को होटलों या पीजी में ठिकाने मिलने में दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर आरोपियों के शहर जाकर डेरा जमाया।

योग शिविर में वरिष्ठजनों को स्वास्थ्यवर्धक योग तकनीकें सिखाई

बीकानेर, (कासं)। अपना घर वृद्धाश्रम में दो दिवसीय योग शिविर ने वरिष्ठजनों को स्वास्थ्यवर्धक योग तकनीकें सिखाकर उनके जीवन में नई ऊर्जा भरी।

रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स की इस पहल से 100 से अधिक वृद्धजन लाभान्वित हुए और उनकी दिनचर्या में योग के कारण ठहराव और दृढ़ता आई। योग गुरू सुरेश व्यास के मार्गदर्शन में हुए सत्रों ने प्रतिभागियों को मानसिक संतुलन दिया और प्राणायाम तथा ध्यान ने उनमें नया आत्मविश्वास जगाया। शिविर के दौरान पूरे परिसर में सकारात्मक वातावरण बना रहा, जहां वरिष्ठ नागरिकों ने सहज अभ्यासों के माध्यम से स्वास्थ्य और सजगता के महत्व को समझा।

यह आयोजन स्वस्थ वृद्धावस्था का स्पष्ट संदेश देता है और इसी कारण अपना घर का यह योग शिविर शहर में

अपना घर वृद्धाश्रम में योग गुरू सुरेश व्यास के मार्गदर्शन में वरिष्ठजनों को स्वास्थ्यवर्धक योग तकनीकें सिखाई।

व्यापक रूप से चर्चित रहा। क्लब अध्यक्ष सुनील चमडिया ने बताया कि अपना घर वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों ने दो दिवसीय योग शिविर में योग, प्राणायाम और ध्यान की सरल तकनीकें सीखकर स्वास्थ्य और आत्मबल को मजबूत करने की दिशा में सार्थक कदम उठाया। रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स द्वारा 8 और 9 नवम्बर

- **रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स की इस पहल से 100 से अधिक वृद्धजन लाभान्वित**

को आयोजित यह शिविर न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का प्रयास रहा। शिविर का संचालन योग गुरू रोटे. सुरेश कुमार व्यास ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आसान भाषा और सहज संकेतों के माध्यम से विभिन्न आसनों और श्वास अभ्यासों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास वृद्धावस्था में चलने-फिरने की क्षमता, फेफड़ों की कार्यक्षमता, मन की स्थिरता को मजबूत करता है। क्लब सचिव विपिन लड्ढा ने बताया कि शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

छतरगढ़, पूगल और दंतौर थाने में सी.आई लगाए

खाजूवाला, (कासं)। खाजूवाला सीओ सर्किल में चार में से तीन थानाधिकारियों का तबादला किया गया है। छतरगढ़, पूगल और दंतौर पुलिस थानों में इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बीकानेर एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने पुलिस थाना छतरगढ़ में नवनीत सिंह धालीवाल को एसएचओ नियुक्त किया है। पूगल पुलिस थाने में समरवीर सिंह और दंतौर पुलिस थाने में महेश कुमार शिला को एसएचओ का पदभार सौंपा गया है। खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला ने बताया कि नवनीत सिंह धालीवाल ने छतरगढ़ में और समरवीर सिंह ने पूगल में थानाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। महेश शिला रविवार को दंतौर में थानाधिकारी का पदभार संभालेंगे। सीओ अमरजीत चावला ने यह भी कहा कि दंतौर, पूगल और छतरगढ़ के अलावा खाजूवाला एसएचओ सुरेंद्र प्रजापत के साथ टीम वर्क के साथ काम किया जायेगा।

सार-समाचार

पब्लिक पार्क के गेट की दुर्दशा

जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए बैनर में पार्क के दरवाजे की व्यथा 'मेरी आवाज़ सुनो' लिखकर चस्पा किया।

बीकानेर, (कासं)। पब्लिक पार्क में प्रवेश के लिए रियासतकालीन तीन दरवाजों में एक दरवाजा जर्जर होने की दशा में बेरिकेट्स लगाकर अरसे बन्द पड़ा है। जिला प्रशासन का मुख्यालय होने के बावजूद इस की सुध नहीं ली गई। आमजन को रोज जाम से गुजरना पड़ता है। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाने के लिए बैनर में दरवाजे की व्यथा 'मेरी आवाज़ सुनो' व्यंग्य लिखकर चस्पा किया। बैनर में लिखा कि मैं रियासतकालीन गेट हूं अरसे से मेरी हालत ऐसी है। मेरे दो साथी गेट निर्बाध आवागमन में सक्रिय हैं। सांसद, नेता, मंत्री, एमएलए, कलेक्टर की आंख का तारा, वकील एवं आला अफसरों की नजर मुझ पर आज तक नहीं पड़ी। दीपावली पर प्रशासन ने पूरा शहर जगमग किया। मैं अभागा मुंह ताकता रहा। प्रशासन चाहे तो रातों-रात मुझे बेरिकेट्स से मुक्त कर सकता है। कई पत्रकार साथियों ने मुझे देखकर छापा भी था। 4 नवम्बर से सड़क सुरक्षा पखवाड़े में शायद मुझे कुछ उम्मीद हुई है कि शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था में भागीदारी मिले ताकि मैं रियासत की प्रीत निभा सकूं। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सोनी, पहलवान महावीर कुमार सहदेव, दिनेश सिंह भदौरिया, सम्पत लाल तंवर, राजकुमार पांडिया आदि ने दरवाज़े की दुर्दशा पर रोष व्यक्त किया। जिला प्रशासन रियासतकालीन दरवाजे की सुध ले नहीं तो धरना-प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ेगा।

एसआईआर की गति बढ़ाने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने गंगानगर विधानसभा क्षेत्र में ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण किया।

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से अब तक वितरित किये गए ईएफ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। रविवार सुबह जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिद्धि-सिद्धि प्रथम, जगदम्बा कॉलोनी, हरदीप सिंह कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों में ईएफ वितरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ के साथ वार्ता कर एसआईआर की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि अधिकाधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उक्त कार्य में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग होने वाले 40 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को प्राथमिकता से देखा जाना चाहिए। स्थानीय सुपरवाइजर बीएलओ के कार्य की नियमित समीक्षा करें। कम प्रगति वाले बीएलओ के साथ स्वयंसेवकों को लगाया जाए। मैपिंग से शेष बचे मतदाताओं की सूचना तैयार करने के लिए बीएलओ को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं की मैपिंग के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार, रविशंकर सहित अन्य मौजूद रहे।

'योग को जन-जन तक पहुंचाएं'

योग गुरू दीपक शर्मा ने 'योग धरातल पर लागू हो' पुस्तक का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। सारा खेल सुखी और निरोगी जीवन का है, इसी ध्येय वाक्य के साथ 'राष्ट्रीय योग क्रांति अभियान' भारत की प्राचीन योग संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यरत है। अभियान के इसी सपने को साकार करती पुस्तक 'योग धरातल पर लागू हो' का विमोचन रविवार शाम स्टेशन रोड स्थित संजीवनी फिजियोथेरेपी क्लीनिक बीकानेर में किया गया। शिक्षा निदेशालय बीकानेर में कार्यरत निजी सहायक योग प्रेमी योगगुरू दीपक शर्मा के कर-कमलों से इस पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी और ख्याति प्राप्त योगाचार्य ओमप्रकाश कालवा और उनकी पूरी टीम को इस भागीरथी प्रयास के लिए बधाई दी। पुस्तक विमोचन के दौरान निजी सहायक दीपक शर्मा ने योगाचार्य कालवा के प्रयासों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आप और आपकी पूरी टीम जो निस्वार्थ भाव से योग सेवा कर रही है, आपकी मेहनत, लगन और जज्बे को सलाम। योगाचार्य कालवा ने बताया कि उनकी टीम लम्बे समय से राष्ट्रीय स्तर पर इस मिशन पर काम कर रही है।

टीम फोर नेशन ने की सफाई

बीकानेर, (कासं)। सामाजिक संगठन अवर फोर नेशन टीम ने आज अपने साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय क्षेत्र में सफाई कार्य किया। आमतौर पर टीम सुबह 7 बजे अपना अभियान शुरू करती है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी के अनुरोध पर आज यह कार्य सुबह 8 बजे प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्य पूरे जोश और समर्पण के साथ समय पर पहुंचे। उन्होंने कार्यालय परिसर के आस-पास फैली हुई गंदगी, कचरे और झाड़ियों को हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया। सफाई के बाद, एक पूरी ट्रॉली भरकर कचरा उठाया गया, जिसे बाद में नगर निगम के डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया गया। टीम ने आज भी अपने मूलमंत्र शिकायत नहीं, सहयोग पर चलते हुए बिना किसी आलोचना या अपेक्षा के कार्य किया। सभी सदस्यों ने मिलकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासन का ही नहीं बल्कि हर नागरिक का साझा कर्तव्य है। टीम लीडर सीए सुधीश शर्मा आज बीकानेर से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं रह सके, लेकिन उनका प्रेरक संदेश टीम के साथ बना रहा। टीम अवर फोर नेशन के सदस्य वर्षों से बिना किसी चंदे या शुल्क के हर रविवार को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दे रहे हैं।